# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–26.04.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज भगवान बुद्ध के संदेश की चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पहली मई को बुद्ध पूर्णिमा मनाई जाएगी। श्री मोदी कहा कि भगवान बुद्ध का संदेश आज भी प्रासंगिक है और वैश्विक तनाव तथा संघर्ष को देखते हुए उनकी शिक्षाएं और अधिक महत्वपूर्ण हो गई हैं। श्री मोदी ने कहा कि बौद्ध परंपरा प्रकृति से जुड़ना सिखाती है।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के समापन में बच्चों से आग्रह किया कि वे अपनी गर्मियों की छुट्टियों का भरपूर आनंद लें और कुछ नया सीखने का प्रयास करें। उन्होंने सभी से गर्मी के मौसम में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने का भी आग्रह किया।

***************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम को आज जामताड़ा जिले के छात्र–छात्राओं, युवाओं किसानों ने भी उत्सुकता पूर्वक सुना और सराहना की। श्रोताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के हर प्रदेशों के लोगों के सभ्यता संस्कृति, व्यवसाय ,शिक्षा, स्थानीय कला संस्कृति, खेलकूद आदि विधाओं की मर्मस्पर्शी बातें करते हैं जो अंतर्मन को छू जाता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को मन की बात कार्यक्रम का इंतजार रहता है।

***************************

चतरा जिले के उपायुक्त रवि आनंद ने सदर अस्पताल के हॉस्पिटल मैनेजर रवि शंकर को कार्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में कार्यमुक्त कर दिया है। गौरतलब है कि उपायुक्त ने कल अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लिया था। इस दौरान शौचालय और परिसर में गंदगी और कई कमरे बंद देख नाराजगी जतायी थी। उपायुक्त ने पदाधिकारियों को स्वच्छता और व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश दिया। उन्होंने अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित करने की बात कही, ताकि मरीजों को बाहर से दवा की खरीदारी करने की आवश्यक नहीं पड़े।

***************************

बोकारो जिले में सेक्टर 9 स्थित सरदार पटेल पब्लिक स्कूल में जेट की परीक्षा में एक सेट का 32 प्रश्न पत्र परीक्षा केंद्र नहीं पहुंचने से परीक्षार्थियों ने जमकर हंगामा किया। बोकारो डीसी अजय नाथ झा ने आश्वासन दिया कि एक घंटे में प्रश्न पत्र आ जाएगा, लेकिन एग्जाम खत्म होने के बाद भी प्रश्न पत्र नहीं पहुंचा। इस मामले में मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि यह मामला काफी गंभीर है और यह जेपीएससी की लापरवाही है। डीसी से मामले की रिपोर्ट लेकर सरकार को अवगत कराया जायेगा। वहीं परीक्षार्थियों ने भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया।

***************************

राज्य में बढ़ती गर्मी को देखते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने सभी मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, अनुमंडल अस्पताल, सीएचसी–पीसीएच और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों को 4 मई से 10 मई तक 'अग्नि सुरक्षा सप्ताह' मनाने का निर्देश दिया है। इस दौरान सभी अस्पतालों को फायर सेफ्टी ऑडिट कराना होगा। अभियान निदेशक ने सभी अस्पतालों को अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने और और बिजली से जुड़े सभी सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने का भी निर्देश दिया है।

***************************

पलामू जिले के मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के समदा आहर के पास से जमीन कारोबारी विनीत तिवारी का अपहरण के बाद उनकी हत्या कर दी गई। आज सदर थाना क्षेत्र के जोरकट इलाके से युवक का शव बरामद हुआ। परिजनों ने अपहरण का आरोप विनीत के पड़ोस में रहने वाले प्रदीप तिवारी और रौशन तिवारी नामक युवक पर लगाया है। फिलहाल दोनों फरार चल रहे हैं। पलामू जिले के एसपी कपिल चौधरी मामले में जांच कर रहे हैं।

**********************